हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं राज्यसभा...




12 प्रेरणा विद्यालय में बसंत मेले की धूम, खेल और ...







# मटिया छात्रावास की छत से झांक रही हैं लोहे की छड़ें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

प्री मैट्रिक अनु जाति बालक छात्रावास मटिया का भवन काफी जर्जर हो गया हैं। जान जोखिम में डालकर बच्चों का पढ़ाई लिखाई कार्य जुटे हुए हैं। प्री मैट्रिक अनु जाति बालक छात्रावास भवन का अस्तित्व समाप्त हो गया हैं। खंडहर में तब्दील हो गया हैं। जिसमें कभी भी बहुत बड़ा हादसे का आमंत्रित किया जा रहा हैं। जगह जगह क्रेक हो गया हैं। बच्चों का शौचालय और दरवाजा खुला रहता है। दीवार छबना टूट टूटकर गिरने लगा है, जिसका निरीक्षण करने इंजीनियर विभागीय अधिकारियों के जानकारी में हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। दीवार एवं छत टूट टूटकर गिरने लगा है, बारिश के दिनों में पानी टपकता हैं। जिसका जिम्मेदार कौन रहेगा। छत का छड़ा बाहर निकल गया हैं। सुलभ शौचालय का स्थिति खराब हो गया हैं। प्री मैट्रिक अनु जाति बालक छात्रावास मटिया विकासखंड कसडोल जिला बलौदाबाजार भाठापारा। बच्चों को मजबूरी वस गुजारना पड़ रहा हैं। जान हथेली में डालकर बच्चों ने पढ़ाई लिखाई कार्य किया जा रहा हैं। प्री मैट्रिक अनु जाति बालक छात्रावास भवन मटिया को रिपेयरिंग कराने योग्य हैं यहां के रसोइयों ने जान जोखिम में डालकर बच्चों का भोजन बनाकर खिलाया जाता हैं और रात में चौंकीदार रहते हैं।

## छात्रों के लिए है खतरे की घंटी, जवाबदार बेखबर





### मरम्मत की सख्त जरूरत

जितने भी वहां काम करने वाले को खतरा मंडरा रहा हैं। बरसात के मौसम में जहरीले सांप बिच्छू घुसने का भय सताया जाता हैं। जगह-जगह छत दीवारें जर्जर हो गया हैं। कभी भी दीवार एवं छत भर-भराकर गिरने का संभावना हैं। अधिकारियों के जानकारी में हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रेमा मिंज को मुख्य नगर पालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार

**भाटापारा।** प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज को नगर पालिका परिषद भाटापारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय अनियमितता के कारण तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफ़र खान को राज्य शासन द्वारा निलंबित कर दिया गया है। नगर पालिका भाटापारा में प्रशासनिक एवं विकास कार्यों के बेहतर निष्पादन हेतु अतिरिक्त तहसीलदार भाटापारा प्रेमा मिंज को नगर पालिका अधिकारी भाटापारा का आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### एसडीएम प्रफुल्ल रजक ने की कार्रवाई

# खनिज उत्खनन और परिवहन में करते 13 ट्रैक्टर और 1 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



कलेक्टर जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के दिशा निर्देश पर बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रफुल्ल रजक ने अपने क्षेत्र में अवैध रूप से खनिज उत्खनन, भंडारण और परिवहन में संलिप्त वाहनों पर चौतरफा कार्रवाई की है।

ग्राम बेलटिकरी में पत्थर के अवैध उत्खनन कर लोड करते हुए कुल 6 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इन सभी वाहनों को बिलाईगढ़ थाना को अभिरक्षा में दिया गया है।

इसी प्रकार सरसीवां के नजदीक पेंड्रावन में रेती का अवैध परिवहन करते कुल 6 ट्रैक्टर्स को जब्त किया गया। जब्ती के दौरान इन वाहनों के पास पीएम आवास या अन्य वैध दस्तावेज नहीं थे। वहीं भटगांव में रेती का अवैध परिवहन करते जब्त वाहनों 1 हाइवा और 1 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भटगांव को अभिरक्षा में दिया गया। जब्ती के दौरान इन सभी वाहनों के पास पीएम आवास या अन्य कोई वैध दस्तावेज नहीं थे।

# नशेड़ी पिकअप चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर

### एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमित धर्मकांटा के पास सड़क हादसा सामने आया है। शराब के नशे में धुत पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी पर पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है।



शहर थाना पुलिस ने धारा 105,125 ए बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लेते हुए आरोपी विजय कुमार वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा यह जानते हुए की रोड में आने वाली वाहनों से टकरा सकता है, जिससे ⏩ शेष पेज 11 पर

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 25 एन 3609 का आरोपी चालक कटई थाना चान्दनू जिला बेमेतरा निवासी 28 वर्ष विजय कुमार वर्मा उर्फ राजा द्वारा शराब की नशे में जानबूझकर अपने पिकअप वाहन को रॉन्ग साइड में चलाकर, अमित धर्मकांटा के पास स्कूटी क्र. सीजी 12 बीएस 4348 को सामने से ठोकर मार दिया, जिससे स्कूटी के पीछे बैठे मृतक रोहित भोई को सिर में गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मृत्यु हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति आयुष साहू के सिर, कमर, हाथ में गंभीर चोटें आई है।



# मालवाहक में ढो रहे सवारी, हादसे की आशंका

**खरोरा।** क्षेत्र में यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। मालवाहक वाहनों का सवारी गाड़ियों की तरह उपयोग कर लोगों को ढोया जा रहा है। इसी क्रम में एक पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक लोगों को ठूंस-ठूंस कर बैठा के ले जाया गया। वाहन के अंदर और पीछे बैठे यात्री बिना किसी सुरक्षा के सफर करते नजर आए। कई लोग वाहन के पिछले हिस्से में लटक कर यात्रा कर रहे थे, जिससे किसी भी समय हादसे की आशंका बनी हुई है। यह स्थिति न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि लोगों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में इस ⏩ शेष पेज 11 पर

# पुलिस अफसर बनने पर मनोज का वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पुलिस अफसर बनने पर मनोज कुमार ठाकुर उर्फ रिंकु का वॉलीबॉल खिलाड़ियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वह विकासखंड सिमगा के ग्राम कुथरौद निवासी जगदीश ठाकुर व सावित्री ठाकुर के सुपुत्र हैं।

जानकारी अनुसार चंदखुरी पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में मनोज ने 13 महीने की कड़ी ट्रेनिंग के बाद पासिंग आउट परेड से गांव लौटने पर वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने आतिशबाजी व बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। वॉलीबॉल स्टेडियम कुथरौद में आयोजित उक्त स्वागत कार्यक्रम में बलौदा बाजार जिला वॉलीबॉल संघ के पदाधिकारी व एनसीसी अफसर वीरेंद्र पटेल ने रिंकू को श्रीफल, तिलक व पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मनोज नई पीढ़ी के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। पटेल ने बताया कि मनोज के परिवार के अधिकांश सदस्य देश सेवा के लिए पुलिस बल में कार्यरत हैं। उनके बड़े भैया हवलदार देवेंद्र ठाकुर, मुरलीधर ठाकुर ⏩ शेष पेज 11 पर

- परिवार के कई सदस्य पुलिस सेवा में, देश सेवा की परंपरा कायम

# महावीर जयंती पर पिलाई शरबत, राहगीरों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में 31 मार्च को भगवान महावीर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बस स्टैण्ड में जैन समुदाय द्वारा पोहा व शरबत का वितरण किया गया, जिसमें राहगीरों व श्रद्धालु तथा ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण किया और प्रसादी वितरण में राहगीरों की भीड़ लगी रही।

यह जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो 24 वे तीर्थकर महावीर स्वामी की जयंती मनायी। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य संदेश जैन ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी अहिंसा सत्य संयम और तब साधना करने की प्रेरणा देते हैं। अहिंसा को परम धर्म मानते हुए लोगों को प्रेरणा दी की सभी प्राणियों में आत्मा एक बराबर है, इसलिए न किसी को मारो और न सताओ। इस दौरान उमेश जैन, ज्ञानचंद जैन, अभय, आदित्य, दक्ष जैन, ललित जैन, शैलेष जैन, पुलकित पूरब, विशेष, जीतू जैन, नीलेश जैन, सम्यक जैन, श्रेणिक, राजेंद्र जैन, प्रतीक, डिंपल जैन, प्रमोद जैन, पीयूष जैन, युवराज सहित जैन समुदाय के लोग एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### वन अमला ने जाल में फंसे टिटहरी को बचाया

# कर्दा जलाशय में शिकारियों के मंसूबे नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

वन विभाग बलौदाबाजार द्वारा संचालित युवान वॉलेंटियर्स प्रोग्राम अंतर्गत कर्दा जलाशय में किए जा रहे पक्षी सर्वेक्षण के दौरान शिकारियों द्वारा फैलाये गए जाल में फंसे टिटहरी को सुरक्षित निकाला गया। वॉलंटियर्स के इस सराहनीय पहल से पक्षी शिकार की कोशिश नाकाम हुई और मासूम पक्षी की जान बची।

जानकारी के अनुसार सभी वॉलंटियर्स दूरबीन की सहायता से आर्द्रभूमि क्षेत्र में पक्षियों का अवलोकन कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर एक 'टिटहरी' पर पड़ी, जो जाल में फंसी हुई थी। स्थिति को गंभीरता से समझते हुए वॉलंटियर्स ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पक्षी को सुरक्षित बाहर निकाला तथा जाल को भी हटा दिया, जिससे भविष्य में अन्य पक्षियों को नुकसान न पहुंचे।



युवान वॉलंटियर्स ने इस अवसर पर स्थानीय लोगों को पक्षियों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रवासी पक्षियों का आगमन न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे क्षेत्र में इको-टूरिज्म की संभावनाएं भी बढ़ती हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित हो सकते हैं। इस सर्वेक्षण में नरेंद्र वर्मा, टीकेश्वर निषाद, जीवन लाल यादव एवं कृष्णा पैकरा सक्रिय रूप से शामिल थे।

### आर्द्रभूमि में बिछाए जा रहे जाल से बढ़ी चिंता

मौके पर उपस्थित ग्रामीण मंतराम ध्रुव ने बताया कि कर्दा ग्राम पंचायत के अंतर्गत इस आर्द्रभूमि क्षेत्र को मछली पालन के लिए उपयोग कर रहे हैं, लेकिन जाल उनके द्वारा नहीं लगाया गया था। उन्होंने जानकारी दी कि आसपास के कुछ लोग पक्षियों को पकड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार के जाल बिछाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी आते हैं, जिनमें 'लालसर' जैसे आकर्षक पक्षी भी शामिल हैं, जो इस क्षेत्र की जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं।




खबर संक्षेप



### मानस मंडलियों को राम टोकरी भेंट

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। टीकाकारों ने हनुमान राम मिलन की कथा सुनाई। सरस्वती स्वर संगम मानस मंडली धुंधकारी, जय राम मानस मंडली तुलसी, जय छत्तीसगढ़ मानस मंडली कुसमुंद, राम श्याम मानस मंडली महासमुंद, नच चेतना मानस मंडली कोसमखुंटा आरंग, शीतला मानस मंडली गोइंदा धमतरी को श्रीराम फोटो फ्रेम व राम टोकरी भेंट किया गया।

### मरार समाज नर्राराज की बैठक आज

**नर्रा**। मरार समाज नर्राराज कार्यकारिणी की बैठक ग्राम नर्रा के समाजिक भवन में 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 10 बजे से रखा गया है। जिसमें समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा। इसके बाद सेवा समर्पित पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर किया जाएगा। बैठक में खल्लारी राज के समाज पदाधिकारी भी सम्मिलत होंगे। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने जानकारी दी है और समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### टोल टैक्स दरों में वृद्धि कर यात्रियों की जेब पर सरकार का डाका, बढ़ेगी महंगाईः भूपेंद्र

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने टोल टैक्स दरों में वृद्धि पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों पर टैक्स बढ़ाना चिंतनीय है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टोल टैक्स की नई दरें 1 अप्रैल से लागू की हैं। टोल दरों में वृद्धि से ट्रकों और व्यावसायिक वाहनों का परिचालन खर्च बढ़ेगा, जिससे वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी और आगे महंगाई बढ़ेगी।

### गायत्री शक्ति पीठ खैरा में हुआ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**महासमुंद**। गायत्री शक्ति पीठ सितली नाला खैरा में दो दिवसीय 29 एवं 30 मार्च को मंगल कलश यात्रा के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के प्रज्ञा पीठ एवं शक्ति पीठ पाली, खट्टी, बेमचा, मोंगरा आदि स्थानों से गायत्री परिजन आकर गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित हुए। साथ ही मुख्य गेट का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रभात उपाध्याय महाराज द्वारा संगीत में प्रस्तुति एवं दृष्टा ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा के संदेश को जन जन तक सरोकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राकेश चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, धनीराम साहू, नीतू साहू, चंद्रकला साहू, छन्नूलाल साहू, नवीन शर्मा, गुलाल पटेल, राजेंद्र साहू, श्याम दुबे, नरेंद्र नायक, चुन्नीलाल साहू, रामचरण पटेल, उदय राम साहू, लक्ष्मी साहू, रविकांत चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# सांकरा में जल जीवन मिशन की टंकी बनी शोपीस, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

सांकरा (कोरमुड़पारा) में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई उच्च स्तरीय जलागार टंकी ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। वर्ष 2021-22 में करीब 19.75 लाख रुपये की लागत से बनी 110 केएल क्षमता और 12 मीटर ऊंची यह टंकी आज भी अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार टंकी में पानी भरने के लिए पंचायत के बोरवेल में लगे 5 एचपी पंप का उपयोग किया जा रहा है। पूरे दिन पानी चढ़ाने के बाद भी टंकी मुश्किल से आधी ही भर पाती है। शाम के समय जब पानी की सप्लाई शुरू की जाती है, तो वह मात्र 10 मिनट ही चल पाती है, जो गर्मी के इस मौसम में बिल्कुल अपर्याप्त है।

इसके अलावा, मल्टीविलेज समूह जल प्रदाय योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन भी समस्या का बड़ा कारण बनी हुई है। ठेकेदार द्वारा नई पाइपलाइन डालने के दौरान पुरानी पाइपलाइन को कई जगहों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे जगह-जगह लीकेज हो रहा है। परिणामस्वरूप पिछले दो महीनों से पानी की सप्लाई बाधित है और पानी आगे तक नहीं पहुंच पा रहा है। नंदी चौक क्षेत्र के दुकानदार विशेष रूप से प्रभावित हैं, जहां पानी की भारी किल्लत बनी हुई है।

**12 मीटर ऊंची टंकी आधी ही भरती है, पाइपलाइन लीकेज और आरओ प्लांट बंद होने**





**दोनों पक्षों के अलग-अलग बयानों से ग्रामीणों में भ्रम**

इस मामले में पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि टंकी का अभी तक आधिकारिक हैंडओवर नहीं हुआ है। वहीं पीएचई विभाग के एसडीओ का दावा है कि टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है और हैंडओवर भी कर दिया गया है। दोनों पक्षों के अलग-अलग बयानों से ग्रामीणों में भ्रम और आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## निर्माण कार्य : स्ट्रिंग गर्डर का फेब्रिकेशन एवं लॉन्चिंग कार्य प्रगति पर

# एनएच-353 पर बेलसोंडा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण से आवागमन होगा सुगम





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में आधारभूत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर बेलसोंडा में रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो जाएगी।

इस ओवरब्रिज के निर्माण के लिए 52.29 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति 30 जुलाई 2024 को प्राप्त हुई है। कोकिला राव (ब्रिज एनएच) ने बताया कि 1.23 किलोमीटर लंबाई के इस टू-लेन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में तेजी से किया जा रहा है। परियोजना के तहत रेलवे क्रॉसिंग पर 72 मीटर स्पान के बो स्ट्रिंग गर्डर का फेब्रिकेशन एवं लॉन्चिंग कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और अब तक लगभग 50 प्रतिशत भौतिक प्रगति पूर्ण कर ली गई है। फाउंडेशन एवं सब-स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आरई वॉल एवं सुपर-स्ट्रक्चर का कार्य वर्तमान में जारी है। इस परियोजना को नवंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग से प्रतिदिन लगभग 80 से 100 पैसेंजर एवं मालगाड़ियां गुजरती हैं, जिससे फाटक पर अक्सर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनती है। ओवरब्रिज के निर्माण से इस समस्या से स्थायी समाधान मिलेगा और आमजन के समय की बचत होगी। इस ओवरब्रिज के पूर्ण होने से सीधी एवं सुगम कनेक्टिविटी स्थापित होगी। साथ ही महासमुंद जिले के निवासियों को यातायात संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। महासमुंद जिला अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजना के पूर्ण होने से जिले के विकास को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# खल्लारी में चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुभारंभ आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

जिला के ऐतिहासिक, धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला की तैयारी अंतिम चरण में है। मेला का शुभारंभ आज बुधवार 1 अप्रैल से होगा। वहीं मुख्य मेला 2, 3, 4 एवं 5 अप्रैल को लगेगा। खल्लारी मेला की शुरुआत यहां के प्रमुख देवी देवाओं की पूजा अर्चना से होगी। माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी भवानीदास वैष्णव ने बताया कि बुधवार 1 अप्रैल चौदस की रात्रि में खल्लारी पहाड़ी में स्थापित सिध्द बाबा की प्रथम पूजा अर्चना पश्चात पहाड़ा वाली खल्लारी की विशेष श्रृंगार और पूजा अर्चना ग्राम के बैगा एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में होगी।

**महोत्सव पर 4 दिवसीय कार्यक्रम**

चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव में लोक कला संस्कृति से जुडे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन गुरूवार 2 से रविवार 5 अप्रैल को रात्रिकालिन आयोजन भी रखा गया है। जहां पूरे 4 दिनों तक खल्लारी मेला महोत्सव में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। पंचायत खल्लारी व जनपद पंचायत बागबाहरा के प्रतिनिधियों सहित खल्लारी पुलिस के जवान अपने विभाग के आला अधिकारियों के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मेले को लेकर खल्लारी थाना से मिली जानकारी अनुसार प्रतिवर्षानुसार इस बार खल्लारी में लगने वाले भीड़ के मद्देनजर इस बार भी पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# कर्मा जयंती कार्यक्रमों में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छपोराडीह, सिंघनपुर व सिंघी में आयोजित कर्मा जयंती समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।



माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत ने कहा कि माता ने साहू समाज ही नहीं अपितु समस्त मानव जाति को सदमार्ग दिखाया है। उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए हमें सदैव समाज सेवा एवं सामाजिक उत्थान के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहू समाज एक ऐसा समाज है, जो सबको साथ लेकर चलने की भावना रखता है। और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

साहू समाज आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समाज में बच्चों के शिक्षा व संस्कार पर विशेष जोर देते हुए सभी को संगठित रहने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी व समाजजन उपस्थित रहे।

# एसआई का प्रशिक्षण प्राप्त कर पहली बार गांव आए थलेंद्र का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तेंदूवाही निवासी थलेंद्र प्रसाद भारती के पुलिस सब-इंस्पेक्टर का प्रशिक्षण उपरांत पहली बार गृह ग्राम आने पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज तुमगांव परिक्षेत्र द्वारा तुमगांव चौक में स्वागत किया गया। बाद बाइक रैली के माध्यम से तेंदूवाही तक ले जाया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष खोशिल गेंड्रे ने थलेंद्र भारती का स्वागत कर दुःखी फरियादियों का निराकरण संवैधानिक रूप से करते हुए ईमानदारी से कर्तव्य पालन करने प्रोत्साहित किया। तुमगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष वेदराम गिलहरे ने थलेंद्र की सफलता को क्षेत्र के लिए गौरवशाली बताया।



इस दौरान संघर्ष समिति ब्लॉक अध्यक्ष हर्षप्रताप मन्नाडे, तुमगांव परिक्षेत्र सचिव गोवर्धन खूंटे, उपाध्यक्ष लोकनाथ कुर्रे व परमानंद बंजारे, मीडिया प्रभारी अजय कुमार मालवीय, ग्राम कमेटी के अध्यक्षों में शुभम टंडन तुमगांव, डिगेश्वर सत्यम अमावस, चम्मन मार्कंडेय बेलटुकरी, रूपेश टंडन, हेमंत सोनवानी मौजूद रहे।

## खुटेरी में रामचरित मानस गान का आयोजन, श्रीराम-जानकी की निकाली गई बारात





**अरंड (पिथौरा)**। ग्राम पंचायत ख़ुटेरी में दो दिवसीय रामचरित मानस गान का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी राम भक्तों द्वारा उल्लास के साथ सहयोग किया गया। अंतिम दिन श्रीराम जानकी का आतिशबाजी के साथ बारात एवं झांकी निकाली गई। सभी भक्तों के लिए महाभंडारा रखा गया था। इस अवसर पर सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच ऐसराम पटेल, अध्यक्ष दशरथ साहू, रघुनंदन पटेल, घनश्याम धांधी, हंसराज निषाद, महेश नेताम, प्रकाश साहू, गोवर्धन ठाकुर, रमेश बरिहा, उमाशंकर सिन्हा, रमाशंकर पटेल, केशराम सेन, नरेंद्र ध्रुव, कुंज राम पटेल, रमेश बरिहा, नारायण ध्रुव, लिलेश्वरी, आरती, भोज कुमारी पटेल, मंजू ठाकुर, रवीना ध्रुव, जयंती ठाकुर समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## 593 दुकानों में राशन संकट, किसान कांग्रेस ने साधा राज्य और केंद्र पर निशाना

**महासमुंद**। जिले में मार्च माह के दौरान सरकारी राशन वितरण में हुई भारी लापरवाही को लेकर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम की निष्क्रियता के कारण जिले के लाखों हितग्राही राशन से वंचित रह गए। साहू ने जारी बयान में कहा कि जिले की सैकड़ों राशन दुकानों में मार्च माह का अनाज पहुंचा ही नहीं। परिणामस्वरूप गरीब हितग्राही पूरे महीने खाली हाथ लौटते रहे और उन्हें उधार लेकर अपना जीवनयापन करना पड़ा। उन्होंने इसे व्यवस्था की असफलता और प्रशासन की संवेदनहीनता बताया। उन्होंने बताया कि जिले में 593 उचित मूल्य दुकानों का नेटवर्क है, लेकिन इनमें से सैकड़ों दुकानों तक राशन नहीं पहुंचा। वहीं लगभग 375 दुकानों में शक्कर की आपूर्ति भी नहीं हो सकी। इससे साफ है कि वितरण प्रणाली पूरी तरह चरमरा चुकी है। मानिक ने आरोप लगाया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। 25 मार्च को सर्वर सुधार के नाम पर राशन वितरण बंद कर दिया गया, जबकि इससे पहले नवंबर माह में भी हितग्राहियों को राशन नहीं मिल पाया था। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि सरकारों की प्राथमिकता में गरीबों की थाली कहीं नहीं है।



# 12 हजार 621 पार्थिव शिवलिंग बनाकर महिला ने दिखाई आस्था

**बसना**। धार्मिक आस्था और भक्ति का अनोखा उदाहरण बसना विकासखंड के बंसुला क्षेत्र में देखने को मिला, जहां एक 40 वर्षीय महिला ने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन पर 12 हजार 621 पार्थिव शिवलिंग बनाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस अद्भुत कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

बसना के बंसुला निवासी गिरिजा नंद 40 वर्षीय महिला ने भगवान शिव के प्रति अपनी गहरी आस्था का परिचय देते हुए मिट्टी से 12621 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया। यह विशेष कार्य कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आगमन को लेकर किया गया, जिसे लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। महिला ने बताया कि यह कार्य उन्होंने पूरी श्रद्धा, नियम और विधि-विधान के साथ कई दिनों की मेहनत से पूर्ण किया। पार्थिव शिवलिंग बनाने की परंपरा सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी मानी जाती है, और इतनी बड़ी संख्या में शिवलिंग बनाना अपने आप में एक दुर्लभ उदाहरण है। इस दौरान ग्रामीणों ने भी महिला के इस धार्मिक कार्य में सहयोग दिया और आयोजन स्थल पर पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस प्रकार बंसुला में आयोजित यह धार्मिक आयोजन आस्था और भक्ति का केंद्र बन गया, जहां महिला की लगन और समर्पण ने सभी को प्रभावित किया। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए महिला के इस कार्य की सराहना की।

# विवेक रचित गीत अब महाराष्ट्र मंडल गान के रूप में गूंजेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने अपने मंडल गान को किया रिलीज

नगर के कॉलेज रोड निवासी विवेक रहाटगांवकर द्वारा रचित गीत को महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने अपने मुख्य गीत मंडल गान के रूप में स्वरबद्ध करवाया है। रविवार 29 मार्च को पहली बार महाराष्ट्र मंडल रायपुर ने अपने 'मंडल गान' 'धन्य धन्य धन्य आहे हा आपला संस्थान' को रिलीज किया।

मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि मंडल के सदस्य महासमुंद कॉलेज रोड निवासी विवेक रहाटगांवकर द्वारा लिखित इस गीत को संगीतबद्ध और स्वरबद्ध किया गया। इस गीत को गायिका साधना रहाटगांवकर ने अपना स्वर दिया है। मंडल के आगामी सभी आयोजनों में इस गीत के गायन किया जाएगा। गीत के लेखक विवेक रहाटगांवकर ने कहा कि 91 वर्षीय महाराष्ट्र मंडल की सेवा का यह अवसर उन्हें प्राप्त हुआ, यह उनके और पूरे परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है। लगभग चार मिनट के इस गीत को मराठी में लिखा गया है।



जिसमें मंडल के सभी प्रकल्पों का उल्लेख है। जिसमें महाराष्ट्र की संस्कृति को छत्तीसगढ़ में आत्मसात किया गया है। हमारे पूर्वजों की मंशा, मेहनत और संकल्प और नई पीढ़ी के लिए समाजसेवा का संदेश और शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और संरक्षण का भी उल्लेखित किया गया है। विवेक ने बताया कि गीत को कंपोज करने के लिए गायिका साधना रहाटगांवकर के साथ राकेश दास, नरेंद्र कुमार लोणारे और छोटी बच्ची संतृप्ति केसकर ने अपनी आवाज दी। वहीं कंपोजिंग के लिए भिलाई के कलाकारों की टीम का सहयोग रहा। उल्लेखनीय है कि नगर के कॉलेज रोड निवासी रहटगांवकर परिवार शुरू से ही संगीत साधना से जुड़े रहे हैं और उन्होंने क्लासिकल संगीत में अपना अलग पहचान बनाई है।

# पुलिस उपनिरीक्षक का प्रशिक्षण लेकर घर लौटी देविका का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच गणेश्वर यादव की पुत्रवधू देविका परमेश्वर यादव पुलिस उप निरीक्षक के रूप में प्रशिक्षण पूर्ण कर एक वर्ष बाद अपने गृह ग्राम सांकरा पहुंचीं। उनके आगमन पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गांववासियों एवं परिजनों द्वारा फूलमालाओं से उनका स्वागत किया गया। देविका की इस उपलब्धि से पूरे गांव का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार एवं गुरुओं को देते हुए युवाओं को कड़ी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नवकार महिला मंडल ने लोगों में मठा बांटा

**धमतरी।** महावीर जयंती पर नवकार महिला मंडल द्वारा महाराष्ट्र बैंक के पास मठा का वितरण किया गया। इसमें लगभग 1000 लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर सकल जैन समाज के अध्यक्ष आकाश गोलछा, उपाध्यक्ष निकेश कोटडिया, मंडल सचिव श्रीमती कुसुम गोलछा, सरला, शोभा, प्रीति छाजेड़, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, दीपा जैन, संजू जैन समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

### महावीर शाखा ने राहगीरों को गन्ना रस वितरित किया

**धमतरी।** महावीर वीरा शाखा महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर राहगीरों को गन्ना रस वितरित किया गया जिसके सहयोगदाता ज्ञानचंद, नीलू लुनावत थे। शाम को राष्ट्रीय गौशाला में गौमाता को रोटी और गुड़ की महावीर प्रसादी दी गई। सहयोगदाता हनुमान, ममता लुंकड़ थे। कार्यक्रम में ज्ञानचंद लुनावत, दिलीप बड़जात्या, स्वरूप बैद, विनोद चौरडिया, नीलू लुनावत, सूर्य लुंकड़, शोभा बैद, अंजू पारख, अनीता लुनावत, मधु जैन, सुधा लुनावत, संजू जैन, कल्पना लुनावत, ममता लुंकड़ का सहयोग रहा।

### लालबगीचा वार्ड में पानी की समस्या का समाधान

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में लगातार बनी हुई पानी की समस्या को देखते हुए महापौर जगदीश रामू रोहरा, जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर एवं वार्ड पार्षद हिमानी साहू द्वारा निरंतर पानी की आपूर्ति कराई जा रही है, जिससे वार्डवासियों की पानी की समस्या काफी हद तक कम हो रही है। नगर निगम की टीम द्वारा वार्ड की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### संस्कृत भारती छग प्रांत की समीक्षा योजना गोष्ठी हुई

**धमतरी।** संस्कृत भाषा को जन भाषा बनाने एवं संस्कृत से समर्थ भारत निर्माण के उद्देश्य लेकर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रांत इकाई की समीक्षा योजना गोष्ठी हुई। अखिल भारतीय अधिकारी सचिन कठाले के मार्गदर्शन एवं प्रांताध्यक्ष सत्येंद्र सेंगर के नेतृत्व में आगामी वर्ष की कार्य योजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में मध्यक्षेत्र शिक्षण प्रमुख दादू त्रिपाठी, प्रांत संगठन मंत्री हेमंत साहू, प्रांत मंत्री प्रवीणझाड़ी, शिक्षण प्रमुख नरेंद्र कुमार साहू, कार्यालय प्रमुख पारस साहू, विद्यालय प्रमुख होमेश्वर चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस आयोजन में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा, श्री उपाध्याय, कुशल साहू, कमलेश राठौर, श्रीमती सुभद्रा यादव, उषा साहू, स्वाति भोसले, हेमशंकर यादव पटवारी, चोवालाल धीवर, दीपक ठाकुर, मोहन साहू का विशेष योगदान रहा।

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व. गजराज को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** शहर के वरिष्ठ एवं समर्पित भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय गजराज जैन के दशगात्र (श्रद्धांजलि) कार्यक्रम में शामिल होकर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. जैन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को वर्तमान मुकाम तक पहुंचाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी कसडोल, तह कसडोल जिला बलौदाबाजार छ.ग.

**शपथपत्र**

धीरज राम चेलक पिता कुशवा चेलक उम्र 70 (01.01.1956) वर्ष जाति सतनामी निवासी ग्राम मटिया तह कसडोल जिला बलौदाबाजार छ.ग. पिन नं. 493344

शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता है कि :-

1. यह कि शपथकर्ता का नाम व पता सकुनत उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि शपथकर्ता के पुत्र भागवत प्रसाद चेलक सैन्य संख्या-15209307H के आर्मी रिकार्ड में भुलवश मेरे पिताजी का नाम धीजाराम चेलक DHEEJARAM CHELAK गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम धीरज राम चेलक DHIRAJ RAM CHELAK है। जिसे दर्ज किया जाना आवश्यक है।
3. यह कि शपथकर्ता के आर्मी रिकार्ड में धीजाराम चेलक DHEEJARAM CHELAK के स्थान पर सहीं नाम धीरज राम चेलक DHIRAJ RAM CHELAK है। जिसे दर्ज किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

शपथकर्ता

:: सत्यापन ::

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका 1 से 3 तक सभी सत्य व सही है। जिसे 24.03.2026 को कसडोल में पढ़कर, सुनकर व समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापन स्थान- कसडोल
सत्यापन दिनांक- 24.03.2026
धीरज राम
सत्यापनकर्ता

## प्रथम जिला मुख्यालय आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल हैं राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राज्यसभा सांसद बनने के पश्चात लक्ष्मी वर्मा के प्रथम बलौदाबाजार आगमन पर जिला मुख्यालय में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भाजपा किसान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष द्वारिका वर्मा एवं उनके सहयोगियों ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा श्रीमती वर्मा का पुष्पहार पहनाकर एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विशेष रूप से उन्हें सम्मान स्वरूप मौसमी फलों से तौलकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर उनका उत्साह पूर्वक स्वागत एवं सत्कार किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने कहा कि लक्ष्मी वर्मा महिला सशक्तिकरण की उत्कृष्ट मिसाल हैं। उन्होंने राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व निभाया है और वर्तमान में राज्यसभा सांसद जैसे गरिमामयी पद पर आसीन हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमती वर्मा का व्यक्तित्व सहज, सरल एवं मिलनसार है तथा वे सदैव जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहकर उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहती हैं। क्षेत्र की महिलाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी सहित अदिति बघमार, नपा.अध्यक्ष बलौदाबाजार अशोक जैन, नपा. अध्यक्ष भाटापारा अश्वनी शर्मा, टेशू लाल धुरंधर, मोनू साहू,विजय यादव, नरेश केसरवानी, रितेश श्रीवास्तव, रामलाल कुर्रे, राहुल सोनी, अमितेश नेताम, अंशु कृष्णा, पंडित ओम प्रकाश, अनुपम अग्रवाल,आलोक अग्रवाल, मणिकांत मिश्रा, योगेश वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, पुरुषोत्तम साहू, समस्त मंडल अध्यक्ष सभी मोर्चा अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ओडान में कांग्रेस पंचायत बूथ कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पार्टी को ज़मीनी स्तर पर मजबूत करने इस वर्ष संगठन सृजन के तहत बूथ कमेटी और पंचायत कमेटी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जिसके लिये प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला स्तर, व ब्लॉक स्तर पर प्रभारी नियुक्त कर गठन की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से कर रही है।

इसमें छोटे-बड़े सभी नेतागण सक्रिय रूप से अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने पलारी ब्लॉक के ग्राम ओडान में ओडान मंडल की बैठक कर पंचायत व बूथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया को समझाते हुए ओडान पंचायत कमेटी व उसके अंतर्गत आने वाली चार्ट बूथ कमेटियों का गठन उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सर्व सहमति से किया गया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए बूथ का गठन किया जाना आवश्यक है। बूथ स्तर पर जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत ही चुनावों में सफलता मिलती है, जिसका उदाहरण हमने 2023 के चुनाव में बलौदाबाजार कीलें के सभी विधानसभाओं में देखा था।

पिछली बार बूथ गठन सभी ब्लॉकों में ईमानदारी से किया, जिसका परिणाम जिले में जीत के रूप में मिला। इसे बार भी सक्रिय और पार्टी के कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को इसमें शामिल कर पार्टी की मजबूती के लिये काम करना है। बूथ गठन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे, मंडल अध्यक्ष तोमन चंद्राकर, रामस्वरूप वर्मा, निरंजन ध्रुव, नरेंद्र वर्मा, उमेश सेन, कोमल सिन्हा, मुरली सिन्हा, पुनीत रजक, टिकेश्वर ध्रुव, गणपत सिन्हा, विजय कोसले, जगत साहू, केशोरम ध्रुव, प्रताप पुरी गोस्वामी, गोलू घृतलहरे, सोहन कन्नौजे, टिकेश्वर वर्मा, लोकू सेन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# छड़िया में गूंजा रामनाम, भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम छड़िया में इन दिनों राम नाम की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय बना है। यहां 29 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित रामायण कथा एवं रामायण पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चारण से गांव का बाजार चौक एक धार्मिक धाम जैसा नजर आ रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 29 मार्च को शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। कथावाचकों द्वारा रामायण कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया जा रहा है।

इस आयोजन में जय सिद्धेश्वर मानस मंडली (देवर तिल्दा), भूमिजा महिला मंडली गुढ़ियारी रायपुर, शोर संदेश मानस परिवार खैरझिटी महासमुंद, तुलसी के राम मानस मंडली राजिम एवं साई कृपा मानस मंडली जीवतरा सहित कई मंडलियों ने भाग लेकर अपनी प्रस्तुति से माहौल को भावविभोर कर दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष पूरन देवांगन, उपाध्यक्ष दुकल्हा राम वर्मा, कोषाध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव लखन लाल वर्मा, सहसचिव बलराम वर्मा, इंद्र कुमार वर्मा, आशीष (पंकज) वर्मा, मंच संचालन नरेंद्र राज साहू एवं मंच संयोजक कमलेश कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रामायण पाठ का समापन 1 अप्रैल को होगा। इसके पश्चात 2 अप्रैल को हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर हनुमान चालीसा, पूजा-अर्चना, आरती एवं महाभोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। साथ ही प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

# पुष्पा बनीं प्रगतिशील सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष व रुक्मणी कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार का कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार जिला में भी महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी का निर्वाचन/मनोनयन महंत नैनदास महिलांग स्मृति स्थल बलौदाबाजार में किया गया।

जहां पर पलारी ब्लाक से पूर्व पार्षद पुष्पा मोहन बंजारे को बलोदा बाजार प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्व सरपंच रूखमणि तेरहवंश को जिला कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बनाएं गए। उक्त निर्वाचन मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अंजू बरमल, विद्या भारती उपाध्यक्ष, सुनीता सोनवानी महासचिव महिला



प्रकोष्ठ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरें, निर्वाचन अधिकारी युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लहरे, कार्यकारिणी संदेश सदस्य सत्येंद्र खूंटे, गणेश बघेल, कार्यकारिणी सदस्य, जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, सचिव सुशील बंजारे एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के उपस्थिति में तथा जिला के सभी ब्लाक पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया, जिसमें महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लता सोनवानी कसडोल, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा बंजारे पलारी, उपाध्यक्ष प्रभा कोशले, कोषाध्यक्ष रूखमणि तेरहवंश पूर्व सरपंच, सचिव सूरजा चेलक को नियुक्त किया गया।

इनके नियुक्ति पर महेश्वरी कुर्रे, भगवती टण्डन, पार्वती कोसले, लता आडिल, सुशीला बघेल, उषा सोनवानी, डॉ. नीरू, उर्मिला मिरी, राजेन्द, सहित जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाए दी।

# पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पतेरापाली स्थित पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 16 नग मुर्गी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि 29 मार्च को प्रार्थी बसंत चंद्राकर पिता स्व. राजाराम चंद्राकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पतेरापाली नहर डायर्सन के पास स्थित उसके मुर्गी फार्म में लगे सीसीटीवी फुटेज से देखने पर आनंद राय नामक व्यक्ति 35 नग मुर्गी कीमत करीबन 3500 रुपए को चोरी कर ले गया। जिस पर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन की गई। विवेचना के दौरान आरोपी आनंद राय को घर में दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने साथी नोहर सिंह राजपूत के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 16 नग मुर्गी कीमत 1600 रुपए, घटना में प्रयुक्त दो



पुरानी हीरो सायकल को जब्त किया। महासमुंद पुलिस की आम जनता से यह अपील है कि, वे अपने घरों व दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगाएं, जो संपत्ति की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीसीटीवी कैमरा न केवल अपराधियों में डर पैदा करता है बल्कि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने और आरोपियों तक पहुंचने में ठोस सबूत भी प्रदान करता है।

## दुकान में दो लोगों से मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चाय दुकान में दो लोगों के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कुम्हारपारा निवासी कमलेश चंद्राकर ने बताया कि 30 मार्च को वह अपने दोस्त तेजेंद्र सिंह परिहार के साथ बीटीआई रोड स्थित चाय दुकान पहुंचा। मेरा दोस्त तेंजेंद्र चाय के साथ सिगरेट भी पी रहा था, चाय सेंटर dअंदर अन्य लोग भी सिगरेट पी रहे थे, तभी आयुष अपने साथी के साथ चाय सेंटर में आया और तेजेंद्र को बोला कि मुझे सिगरेट के धुंए से एलर्जी है, यहां मत पियो, तब तेजेंद्र ने कहा कि यहां मेरे अलावा अन्य लोग भी सिगरेट पी रहे हैं, तुम्हे एलर्जी है तो बाहर चले जाओ। इतने में आयुष यादव उसके दोस्त तेजेंद्र को गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी मारपीट किया। तभी आरोपी के अन्य साथियों ने भी मारपीट की। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

# नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई, 686 किलो गांजा और टैबलेट बरामद, 13 लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने चार थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पांच प्रकरण में चार अलग-अलग राज्यों के लिए परिवहन हो रहे 685.890 किलो गांजा और 700 नग नशीली टैबलेट जब्त करते हुए इन मामलों में 13 तस्करों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार आरोपियों में छह छत्तीसगढ़ के तथा सात दूसरे राज्यों के हैं।

पुलिस ने इन मामलों की जानकारी देते हुए बताया कि बसना थाने के प्रकरण में पिकअप में 454 किलो गांजा जब्त किया गया है। वहीं कोमाखान में एक कार से 02 क्विंटल व एक ट्रक से 25 किलो गांजा बरामद किया गया है। इसके अलाव सिंघोड़ा में बाइक से 7 किलो और महासमुंद में आरपीएफ की मदद से 700 नग टैबलेट जब्त किया गया है। नशे की तस्करी और व्यापर के विरुद्ध अपनी विशेष क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पुलिस ने एक ही दिन में 10 घंटे के अंदर जिले के चार अलग-अलग थानों में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की।



### नशीली दवा बरामद

कोतवाली पुलिस ने नशीली दवाई का बंटवारा करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8006 रुपए की नशीली दवाई बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में राकेश कुमार साहू पिता लखनलाल साहू (32 साल), निवासी वार्ड नं.18 गुडरूपारा महासमुंद, मनोज कुमार सोनबेर पिता वेदराम सोनबेरा (33 साल), निवासी वार्ड नं. 08 नयापारा महासमुंद, सद्दाम कुरैशी पिता सब्बीर कुरैशी (32 साल), निवासी वार्ड नं. 05 नयापारा महासमुंद, रिंकू चंद्राकर पिता विष्णु चंद्राकर (34 साल), निवासी वार्ड नं. 16 बेमचा, थाना व जिला महासमुंद, कामेश उर्फ सोनू पिता खिलावन चंद्राकर (30 साल), निवासी वार्ड नं. 05 बस्तीपारा, खरोरा महासमुंद को गिरफ्तार किया।

### घरेलू सामान की आड़ में गांजा तस्करी

बसना पुलिस ने मूवर्स एंड पैकर्स कंपनी के बोलेरो वाहन टीएस 08 यूएच 8606 में घरेलू सामान परिवहन करने की आड़ में गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी इमरान पिता लुकमान तेली (37 साल) निवासी वार्ड नं. 2, जगपति गली के पास, देव कॉलोनी, पिलानी, जिला झुंझुनू (राजस्थान) को गिरफ्तार किया।आरोपी के कब्जे से 454.890 किलोग्राम गांजा कीमत 2,27,44,500 रुपए को बरामद किया गया।

### ट्रक और कार से भी जब्त हुआ गांजा

कोमाखान थाना क्षेत्र में ट्रक क्र.सीजी 04 एनजे 9586 से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त कीमत 12,50,000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी दो आरोपी शिव मोहित साहू पिता शेषमणि साहू (27 साल) बैरदह थाना चितरंगी जिला सिगरौली मध्यप्रदेश तथा बगल सीट में बैठे पुष्पेंद्र साहू पिता लोलर प्रसाद साहू (21 साल) रेही पोस्ट कधुआ टोला थाना चितरंगी जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह कोमाखान पुलिस द्वारा टेमरी नाका में नाकाबांदी कर डिजायर कार क्र. जेएच 01एफजेड 4071 से 200 किलो गांजा कीमत एक करोड़ रुपए को बरामद किया। पुलिस ने कार में बैठे युवराज नायक पिता कमल सिंह नायक (19 वर्ष) निवासी प्रतापपुर पोस्ट दहगांव थाना दिव्यापुर जिला औरैया (यूपी) व केशव दयाल पिता बाबू राम दयाल (22 वर्ष) निवासी किशनपुर पोस्ट नांदेमउ थाना सौरिक जिला कन्नौज (यूपी) को गिरफ्तार किया।

## पेज 9 के शेष

### नशेड़ी पिकअप चालक...


गंभीर घटना घटित हो सकती है, उसके बावजूद शराब के नशे में, अपनी पिकअप वाहन को रांग साइड में चलाया गया, जिससे दुर्घटना होने से स्कूटी में पीछे बैठे व्यक्ति की मृइ हो गई। की प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मालवाहकों में ढोयी...

तरह की घटनाएं आम हो गई हैं, लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### पुलिस अफसर बनने ...

और दीदी हवलदार विनीता, जीजा हवलदार धनीराम व बड़े पापा राधेश्याम सेवानिवृत डीएसपी हैं, वही इस दौरान बलौदाबाजार जिला पुलिस बल में नव नियुक्त आरक्षक कुथरौद निवासी कमलेश डहरिया को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एकलव्य स्पोर्ट्स क्लब के सीनियर खिलाड़ी गुहाराम गायकवाड, प्रेमलाल ध्रुव, रवि शंकर डहरिया, निखिल डहरिया, भीम लाल यादव, रोहित अनंत, हिमांशु पटेल, मनोज भारद्वाज, आकाश, मीरू ध्रुव, आदित्य मरकाम, मयंक सिन्हा, अमन पटेल, हेमचंद यादव, पप्पू ध्रुव, भुवनेश्वर वर्मा, गौरव पटेल, फरहान आदि खिलाड़ी सदस्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### रामनवमी पर शिव सैनिकों ने निकाली शोभायात्रा

**हथबंद।** हथबंद नगर में शिव सैनिकों ने 30 मार्च को रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया। सिमगा रोड स्थित शिवालय में पूजा करते हुए शोभायात्रा निकाली गई, जो कि तिगड्डा चौक से संगम चौक उड़ेला, शिव नगर, बाजार चौक से डीजे की धून पर थिरकते लोग हाथों में भगवा ध्वज लहराते जय श्रीराम जय भवानी के जयघोष करते दुर्गा चौक पहुंचे, वहीं जगह-जगह रामभक्तो द्वारा शरबत, पानी, खीर पूरी वितरण की गई। दुर्गा चौक मंच पर पहुंचने पश्चात महाआरती हुआ, जहां धर्मसभा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक विधा की सुपरहिट पारंपरिक गीतों पर देर रात मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिलाध्यक्ष कृष्णा यादव, महासचिव ओंकार वर्मा, सचिव इंद्रजीत साहू, जनपद प्रतिनिधि बबलू पटेल, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, जिला कार्य. सदस्य दिलीप चतुरे, योगेश्वर वैष्णव, रामविलास साहू, आत्माराम नेताम, सोमू वर्मा, हिरु निषाद ,रुपेंद्र (गोलु) वर्मा, पंच मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

### 5वीं-8वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ



**खरोरा।** 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा 2026 के तहत मूल्यांकन कार्य का शुभारंभ आज पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा, मूल्यांकन केंद्र में किया गया। इसके साथ ही अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से प्रारंभ हो गया है। मूल्यांकन केंद्र के अधिकारी रजनी मिंज ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में कार्यरत शिक्षकों के लिए पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। मूल्यांकन के प्रथम दिवस पर शिक्षकों ने गंभीरता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्य प्रारंभ किया। केंद्र में पारदर्शिता, सुव्यवस्था एवं समयबद्धता को विशेष महत्व दिया जा रहा है, ताकि मूल्यांकन निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

### बुंदेली में लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बुंदेली के रामनगर में एक मकान से लाखों के सोने-चांदी के जेवर चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया राधिका निषाद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 30 मार्च की सुबह करीबन 7 बजे वह महुआ बीनने बुंदेली के जंगल गई थी। करीब 10 बजे उसके पुत्र डोंगर निषाद ने फोन करके बताया कि एक व्यक्ति ने घर आकर कहा कि आप लोगों का सीमेंट, छड़ गाड़ी में आ रहा है। इसके बाद उसके पुत्र को घर से करीबन 300 मीटर छोड़ दिया। जब डोंगर ने घर आकर देखा तो दरवाजा खुला हुआ था। इसके बाद प्रार्थिया भी घर पहुंची और देखा कि आलमारी से एक नग पुरानी इस्तेमाली सोने का हार वजन करीबन 10 ग्राम कीमत 130000 रुपए, दो नग सोने का झुमका वजन करीबन 02 ग्राम कीमत 20000 रुपए , 15 नग सोने का लॉकेट वजन 05 ग्राम कीमत 65000 रुपए , 02 नग सोने का मराठी माला वजन 02 ग्राम कीमत 20000 रुपए , 02 नग चांदी का ऐठी वजन करीबन 50 ग्राम कीमत 13000 रुपए , 02 नग चांदी का पायल कीमत 8000 रुपए , 01 नग चांदी का करधन करीबन 20000 रुपए, आदि कुल कीमत 277000 रुपए नहीं थे।

# माता कर्मा का जीवन त्याग, भक्ति और सेवा का अद्वितीय उदाहरण

## जयंती और आदर्श विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विधायक इन्द्र साव ने ग्राम मोपर, जोगीद्वीप गुर्रा, कोसमंदा, करहुल, किरवई एवं मटिया में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती एवं आदर्श विवाह समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में विधायक साव ने कहा कि माता कर्मा का जीवन त्याग, भक्ति और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने बताया कि माता कर्मा, भगवान श्रीकृष्ण की परम भक्त थीं। उनकी सच्ची श्रद्धा और निष्कपट प्रेम के कारण भगवान स्वयं उनके द्वारा बनाए गए खिचड़ी का भोग स्वीकार करने पहुंचे थे। यह कथा हमें सिखाती है कि सच्चे मन से की गई भक्ति में अपार शक्ति होती है और ईश्वर सच्चे भक्तों के प्रेम से बंध जाते हैं।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम पश्चात मेला स्थल जोगीद्वीप में विधायक इन्द्र साव ने मंगल भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुनील साहू, रेवाराम साहू, धन्नाजय साहू, ईशान वैष्णव, सुशील साहू, राजाराम साहू, पारसमणी साहू, बलदाऊ साहू, उत्तम साहू, संध्या राजेश साहू, अनूपा साहू, हेमलाल साहू सहित भारी संख्या में स्वजातीय जन उपस्थित थे।



### साहू समाज की प्रेरणादायक पहचान

विधायक साव ने कहा - साहू समाज की सबसे बड़ी विरासत 'श्रम' है । पीढ़ियों से मेहनत इस समाज की पहचान रही है। आज वहीं मेहनत सफलता में बदल चुकी है। ये समाज सिखाता है ईमानदार, परिश्रम से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साहू समाज की यात्रा हजारों वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण की प्रेरणादायक कहानी रही है, जो श्रम और पसीने से लिखी गई गौरवशाली गाथा है।

## आयोजन : रंग-बिरंगी सजावट और खुशियों से जगमगाया विद्यालय परिसर

# प्रेरणा विद्यालय में बसंत मेले की धूम, खेल और रस्सा मल्लखंब ने जीता सबका दिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

ग्राम कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में बसंत मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विद्यालय परिसर रंग बिरंगी सजावट संगीत और बच्चों की खुशियों से जगमगा उठा। इस आयोजन में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मनोरंजन के लिए कई रोचक खेल स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें वस्तु पहचानों निशाना लगाओ और रिंग गेम्स शामिल थे। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ खेलों में भाग लेकर आकर्षक पुरस्कार जीते।

सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले का विशेष आकर्षण रहे। विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना नृत्य विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा शानदार रसा मल्लखंब की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। यह बसंत मेला सभी के लिए खुशियों और यादगार पलों से भरा एक सफल आयोजन साबित हुआ।

## खेल स्टॉल पर बच्चों ने जीते आकर्षक पुरस्कार



### फूड स्टॉल बने मेले का मुख्य आकर्षण

मेले में लगाए गए फूड स्टॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों द्वारा संचालित लस्सी हब, द रॉयल डेजर्ट, इंडियन सोडा, चटोरे बॉल्स, मुंबई पंजाबी तड़का, आमची वडा पाव और फूडी गाइज स्टॉल पर लोगों की खूब भीड़ देखने को मिली। इसके साथ ही मसाला पापड़ शॉट्स, मीठा-नमकीन फूड कॉर्नर, चॉकलेट सैंडविच और बिस्किट सैंडविच जैसे स्वादिष्ट व्यंजन भी सभी को बहुत पसंद आए। चाट प्रेमियों के लिए कटोरी चाट, भेल, स्प्राउट चाट, गोलगप्पे और ताजा नींबू पानी ने मेले के स्वाद को और भी बढ़ा दिया। बच्चों और बड़ों ने इन व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।

# छात्रसंघ चुनाव बहाली के लिए लवन कॉलेज के प्राचार्य को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आह्वान पर एवं जिला अध्यक्ष विवेक यदु के निर्देशानुसार बलौदाबाजार जिले में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर सक्रिय पहल की गई। इसी क्रम में जिला उपाध्यक्ष गौतम गोल्डी साहू, महासचिव अर्जुन साहू, कसडोल विधानसभा अध्यक्ष अनुराग साहू, हेमंत साहू, धनंजय साहू, अविनाश कौशिक एवं अन्य साथियों द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। यह ज्ञापन शासकीय महाविद्यालय लवन तथा दौलत राम शर्मा महाविद्यालय कसडोल के प्राचार्य को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से छात्र नेताओं ने छात्रसंघ चुनावों की शीघ्र बहाली की मांग करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करती है तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रसंघ चुनावों के माध्यम से ही छात्र अपनी समस्याओं को सशक्त रूप से प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं। एन एस यू आई कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि छात्र हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों को सुदृढ़ बनाने के लिए छात्रसंघ चुनाव अत्यंत आवश्यक हैं। यदि शीघ्र ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो संगठन द्वारा आगे और भी व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# लरिया केवट समाज का संयुक्त अधिवेशन, आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ लरिया केवट (निषाद) समाज सामाजिक संगठन जिला बलौदाबाजार भाटापारा एवं तरेंगाराज का संयुक्त रूप से वार्षिक महाधिवेशन जोगीद्वीप मंदिर परिसर ग्राम गुर्रा में हुआ। तरेंगाराज, लवनराज, खलारीराज, सोमनाथराज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं युवा बुजुर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ता वार्षिक अधिवेशन में समाज के पदाधिकारियों द्वारा आय व्यय की जानकारी दी गई और सामाजिक प्रकरणों का निराकरण भी किया गया। महासभा में मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भाटापारा थे। उन्होंने समाज के विकास के लिए जो भी मांग रहेगी उसे तत्काल पूरा करने का आश्वासन दिया।

- मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा ने दिया विकास का आश्वासन
- समाज की प्रगति और एकता पर दिया गया विशेष बल

उन्होंने कहा लरिया केवट समाज निरंतर प्रगति कर रहा है। विशिष्ट अतिथि राजा जायसवाल जिला पंचायत सभापति थे। अध्यक्षता डॉ. नारायण प्रसाद निषाद, जिलाध्यक्ष लरिया केवट निषाद, समाज लोकनाथ निषाद, रघुनाथ निषाद, रामायण, राजकुमार, सुधेराम, अजीत निषाद, विजय, बद्रिका निषाद, रमेश अरुण, दिलहरण रामप्रसाद, हीरा सिंह, चमरू कलाराम, खेदन, खोमकरण, मन्नू लाल, श्याम लाल, खिलेश्वरी, रमा निषाद, डिगेश्वरी, शैलेन्द्र, दीपक निषाद, रामलाल, दशरथ, दुकालु, देवा प्रेम, रुकेश जगनंदन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

# सतनामी समाज बिलाईगढ़ के अध्यक्ष बने गिरवर निराला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में तीन विकासखंड बिलाईगढ़, सारंगढ़ और बरमकेला ब्लाक आते हैं। जहां सतनामी समाज की जनसंख्या लगभग तीन लाख है। जब से जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अस्तित्व में आया तो तब से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की जिला इकाई की गठन नहीं हो पाया था।जिसके कारण सामाजिक गतिविधियों को सम्पन्न कराने में मुश्किल हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए गत 29 मार्च को जिला मुख्यालय सारंगढ़ के केशरवानी धर्मशाला में जिला ब्लाक के सामाजिक कार्यकर्ता साथियों और पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई तथा पूर्व घोषणा के अनुसार जिला इकाई का गठन किा गया।

- प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने जिला इकाई का गठन किया

जिला इकाई के मुख्य टीम के लिए नाम आमंत्रित करने के बाद सभी पदों को मनोनयन पद्धति से चयन किया गया। इसमें मुख्य टीम के जिला अध्यक्ष गिरवर निराला बिलाईगढ़, उपाध्यक्ष जीवनलाल राते सारंगढ़, विजय कुमार भारती बरमकेला, अमरनाथ खटकर सरसीवा, महिला उपाध्यक्ष रजनी बघेल पेंड्रावन, सचिव लक्ष्मण जोल्हे भटगांव सह सचिव किशोर निराला भटगांव, कोषाध्यक्ष सुखीराम नौरंगे बरमकेला, प्रवक्ता मुद्रिका कुमार राय सरसिवा, संयोजक सुबरन निराला, मीडिया प्रभारी धनीराम, निराला भटगांव, इसी प्रकार महिला प्रकोष्ठ की जिला इकाई के जिला अध्यक्ष मंजुलता आनन्द सारंगढ़, उपाध्यक्ष भुनेश्वरी बंजारे बिलाईगढ़, कमला निराला सारंगढ़, माहेश्वरी भारद्वाज बिलाईगढ़, सचिव ऊषा नवरतन बिलाईगढ़। इसी प्रकार युवा प्रकोष्ठ जिला इकाई के जिला अध्यक्ष ओंकार मल्होत्रा सारंगढ़, उपाध्यक्ष रेशम अजय सरसीवां, सचिव देव किशन जांगड़े, प्रवक्ता गोसाई भारद्वाज बिलाईगढ़ बनाए गए हैं। कुछ पद रिक्त हैं उसे संतुलन बनाते हुए दो सप्ताह के अंदर पूर्ण किए जाएंगे।

### ये हुआ शमामिल

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी, प्रदेश प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य यादराम हिरवानी, डमरू प्रसाद मनहर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लाल जांगड़े, पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश शासन हरिदास भारद्वाज, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद खटकर, ब्लाक बिलाईगढ के अध्यक्ष सालिक राम घृतलहरे, सचिव हरिचंद भारद्वाज, कोषाध्यक्ष लालजी हिरवानी, परिक्षेत्र अध्यक्ष बेड भूषण सनेही, परिक्षेत्र अध्यक्ष सरसिवा लहाराम रत्नाकर, गणपत बंजारे, भूदेव कुमार बंजारे, रामदुलार निराला, तीरथ नारायण बंजारे, शनि बंजारे, युवा प्रकोष्ठ ब्लाक बिलाईगढ़ अध्यक्ष राम पंकज, कुशल जाटवर, महावीर सुमन, गोरेलाल रेड्डी, पुकाराम कुर्रे, रामदास जांगड़े, टीकाराम मारकंडे, मलेच खूंटे, रमहला मनहर, मनोज बाई खूंटे, सहित सैकडों लोग उपस्थित थे।

### कोरदा में शिव महापुराण 3 अप्रैल से



**मुंडा।** ग्राम पंचायत कोरदा के लवन रोड में केदार वर्मा के यहां स्व. हर प्रसाद वर्मा, भूपेंद्र नाथ वर्मा, उषा वर्मा की स्मृति में शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें कथा वाचक पंडित तिलेश्वर नाथ तिवारी व पुरोहित शुभम पांडे, आचार्य भुवनेश्वर नाथ तिवारी होंगे। कथा वाचन सुबह 8 से 11 बजे तक व 1 से शिव कृपा तक चलेगी। प्रथम दिवस 3 अप्रैल शुक्रवार को महात्म्य चचूंला कथा, 4 अप्रैल ब्रह्मलीग उत्पत्ति कथा, 5 अप्रैल सती शिव चरित्र, 6 अप्रैल पार्वती शिव विवाह, 7 अप्रैल श्री गणेश जन्म कथा, 8 अप्रैल नदी हनुमान अवतार कथा, 9 अप्रैल द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा, 10 अप्रैल उपमन्यु कथा चढ़ौत्री और 11 अप्रैल हवन सहस्त्रधारा स्नान प्रसादी वितरण किया जाएगा।

# आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय, परसापाली में।

सत्र 2026–27 के लिए 1 अप्रैल से निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्राचार्य सुजीत कुमार प्रधान ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम में ले सकते हैं जो की पूर्णता निःशुल्क है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित करें।

## लंबे समय से नहीं हो रही थी साफ-सफाई, निस्तारी में हो रही थी परेशानी

# जोगी सरोवर डबरी में महिलाओं ने की पचरी की साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के जोगी सरोवर डबरी में पचरी के आसपास की दुर्दशा से परेशान महिलाओं ने खुद सफाई की कमान संभाली। साफ सफाई पर किसी भी प्रकार की ध्यान न देने पर महिलाओं ने रापा और धमेला लेकर पचरी के आसपास फैली गंदगी को साफ किया। इस तरह महिलाओं ने तालाब में फैली गंदगी की साफ सफाई बनाए रखने का एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। ग्राम पंचायत टोनाटार में वार्ड 11 के अंतर्गत जोगी सरोवर डबरी में पचरी के आसपास फैली हुई गंदगी का लंबे समय से साफ सफाई नहीं होने पर महिलाओं को निस्तारी करने में समस्या हो रही थी। निस्तारी के लिए हो रही समस्या को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च को वार्ड क्रमांक 11 के पंच कौशिल्या रूपनारायण रजक ने अपने वार्डवासी महिलाओं की बैठक बुलाकर पचरी के आसपास फैली गंदगी को साफ सफाई करने के लिए मदद मांगी। इस पर उपस्थित वार्डवासी महिलाओं ने एक स्वर में पचरी की साफ सफाई करने का निर्णय लिया।

वार्ड पंच कौशिल्या रूपनारायण रजक की अगुवाई में सरस्वती रजक, नंददेवी रजक, अघनमती ध्रुव, रमला ध्रुव, दुलौरिन ध्रुव, रामप्यारी वर्मा, दुलारी वर्मा, राधा यादव, भोजेश्वरी योगेश ध्रुव, ललीता जायसवाल, उर्मिला जायसवाल, मीना ध्रुव, संखली रजक, सहोद्रा रजक, राधिका जायसवाल, सहित वार्ड के सभी महिलाएं जोगी सरोवर डबरी पहुंचकर पचरी में सफाई के अभाव के कारण गंदगी एवं खरपतवारों का हुए जमावड़ा का रापा और धमेला लाकर साफ सफाई की गई। पचरी के आसपास पहले गंदगी का साफ सफाई होने पर गाँव के लोगो के द्वारा सराहनीय कार्य बताते हुए महिलाओं की प्रशंसा की गई।

